बरेली, सोमवार
10 मार्च, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

PAGE NO : IV TOP

### आइएमए के 195 रन के लक्ष्य को एसआरएमएस किंग्स ने तीन विकेट पर हासिल कर लिया

# एसआरएमएस किंग्स ने सात विकेट से जीता फ्रेंडशिप कप

जागरण संवाददाता, बरेली : आइएमए बरेली को सात विकेट से हराकर एसआरएमएस किंग्स ने फ्रेंडशिप कप जीत लिया। फाइनल मैच में 14 गेंद पर तीन छक्कों के साथ ताबड़तोड़ 33 रन बनाने और एक विकेट लेने वाले एसआरएमएस किंग्स के कप्तान आदित्य मूर्ति को मैन आफ द मैच चुना गया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आइएमए की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 195 रन का स्कोर बनाया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस किंग के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए तीन विकेट पर 196 रन बनाकर सात विकेट से मैच जीत लिया।



फ्रेंडशिप कप जीतने के बाद एसआरएमएस किंग्स की टीम • सौ. आयोजक

एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को हुए फाइनल मैच में आइएमए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 195 रन बनाया। इसमें सर्वाधिक डा. मनीष अग्रवाल ने 83, डा. अतुल गंगवार ने 43, डा. आरपी सिंह ने 27 व डा. नवीन ने 14 रन का योगदान दिया। एसआरएमएस किंग की ओर से आदित्य मूर्ति, संजय सिंह, रविंद्र और सुधांशु सक्सेना ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस के बल्लेबाजों ने तय बीस ओवर में 196 रन बनाकर मैच जीत लिया। एसआरएमएस के डा. आयुष गर्ग ने 64 रन, डा. महेश त्रिपाठी ने 50, आदित्य मूर्ति ने 33 और डा. रेहान अली ने महत्वपूर्ण 21 रन बनाकर जीत में प्रमुख भूमिका निभाई। आइएमए की तरफ से डा. इरफान, डा. अतुल गंगवार और डा. अनिल गंगवार ने एक-एक विकेट हासिल किया। टूर्नामेंट के छह मैचों में एक शतक के साथ 207 रन बनाने वाले आइएमए बरेली के डा. अनिल गंगवार को मैन आफ द सीरीज चुना गया। 193 रन बनाने वाले आइडीए के डा. सलिल बलदेव बेस्ट बैट्समैन और 10 विकेट लेने वाले एसआरएमएस किंग्स के सुधांशु सक्सेना बेस्ट बालर बने। टूर्नामेंट के पांच मैचों में शानदार पांच कैच लेने वाले एसआरएमएस किंग्स के डा. महेश त्रिपाठी बेस्ट फील्डर चुने गए। आइडीए बरेली की टीम को फेयर प्ले अवार्ड दिया गया।

- 14 गेंदों पर 33 रन बनाने और एक विकेट लेने पर आदित्य मूर्ति मैन आफ द मैच बने
- टूर्नामेंट में पांच कैच लेने वाले एसआरएमएस किंग्स के डा. महेश त्रिपाठी बने बेस्ट फील्डर